लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण
दिनांक 25.1.2020 पृष्ठ सं 11 कॉलम 1

## एचएयू गिरि सेंटर में मनाएगा गणतंत्र दिवस

**हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के गिरि सेंटर के हॉकी मैदान में होने वाले समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि होंगे। विवि के छात्र कल्याण निदेशक डा. डीएस दहिया ने बताया कि प्रो. सिंह प्रातः नौ बजे ध्वजारोहण करेंगे तथा एनसीसी कैडेट्स व राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की टुकड़ियों की सलामी लेंगे। (जासं)

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........डेली भास्कर........
दिनांक 25.1.2020 पृष्ठ सं......1...... कॉलम......1......

## हकृवि में कुलपति प्रो. केपी सिंह करेंगे ध्वजारोहण

हिसार। हकृवि में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के गिरि सैंटर के हॉकी मैदान में आयोजित होने वाले इस समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने बताया कि प्रो. केपी सिंह 26 जनवरी को ध्वजारोहण करेंगे तथा एनसीसी कैडेट्स व राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की टुकड़ियों की सलामी लेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों तथा कैंपस स्कूल के छात्र-छात्राएं देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तत करेंगे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........नभ छोर........
दिनांक..24.1.2020...... पृष्ठ सं.......3....... कॉलम....3-4....

# हकृवि में धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

हिसार/24 जनवरी/रिपोर्टर
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के गिरि सेंटर के हॉकी मैदान में आयोजित होने वाले इस समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने बताया कि प्रो. सिंह 26 जनवरी को प्रातः 9.00 बजे ध्वजारोहण करेंगे तथा एनसीसी कैडेट्स व राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की टुकड़ियों की सलामी लेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों तथा कैंपस स्कूल के छात्र-छात्राएं देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों से इस समारोह में भाग लेने की अपील की है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण

दिनांक 25-1-2020 पृष्ठ सं. 17 कॉलम 7-8

# शिविर में 60 महिलाओं ने दूध से मिठाई बनानी सीखी



मुख्य अतिथि प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए । ● जागरण

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के तहत विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय दो प्रशिक्षण शिविरों का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें औषधीय पौधों का प्रशिक्षण गांव गोरछी में और दूध के मूल्य संवर्धित पदार्थ का प्रशिक्षण ग्रह विज्ञान महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा विभाग में आयोजित किया गया। इनमें ग्रह विज्ञान महाविद्यालय की डीन डा. बिमला ढाण्डा मुख्य अतिथि रहीं। इस दौरान 60 महिलाओं को दूध से मिठाई बनाने का प्रशिक्षण दिया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर
दिनांक 25-1-2020 पृष्ठ सं 5 कॉलम 3-4

# महिलाओं ने सीखे औषधीय पौधे व दूध के मूल्य संवर्धित वस्तु बनाने के गुर



औषधीय पौधे और दूध के मूल्य संवर्धित पदार्थ बनाने के प्रशिक्षण लेने के बाद प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान मुख्य अतिथि डॉ. बिमला ढांडा।

भास्कर न्यूज़|हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के तहत विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबन्धन विभाग की तरफ से आयोजित चार दिवसीय दो प्रशिक्षण शिविरों का समापन हुआ। इसमें औषधीय पौधों का प्रशिक्षण गांव गोरछी में और दूध के मूल्य संवर्धित पदार्थ का प्रशिक्षण गृह विज्ञान महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा विभाग में आयोजित किया गया। इन प्रशिक्षणों की मुख्य अतिथि अधिष्ठाता गृह विज्ञान महाविद्यालय डॉ. बिमला ढांडा थी। डॉ. बिमला ढांडा ने महिलाओं को संगठित होकर औषधीय पौधों एवं दूध से संबंधित रोजगार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में समय-समय पर आयोजित प्रशिक्षण शिविरों के बारे में जानकारी दी और साथ ही महिलाओं को प्रेरित किया कि वे समय निकालकर इन शिविरों का लाभ उठाएं और इनमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। इन दोनों प्रशिक्षण शिविरों में 60 महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर डॉ. बीना यादव, डॉ. सुषमा कौशिक ने महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाकर काम करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. राजेश दहिया, डॉ. पूनम कुण्डू, डॉ. कान्ता सभ्रवाल, डॉ. राजेश आर्य मौजूद रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....पंजाब केसरी....
दिनांक 25.1.2020 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 1-2




जानकारी देते शिक्षकगण। (गोयल)

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर महिलाओं को बताए उनके अधिकार

मंडी आदमपुर, 24 जनवरी (गोयल): सीसवाल में चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय की अंतिम वर्ष की छात्राओं द्वारा ग्रामीण कृषक कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया।

सीसवाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में करीब 200 महिलाओं व लड़कियों ने हिस्सा लिया। गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. विमला ढांडा ने महिलाओं व लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में बताया व उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया, साथ ही उन्होंने गांव के लिंगानुपात की भी सराहना की जिसमें 1,000 लड़कों पर 1,056 लड़कियों की संख्या है। ग्रामीण कृषक कार्य अनुभव कार्यक्रम की संयोजिका डा. वीना यादव ने भी बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया।

इस कार्यक्रम में डा. अर्चना ने महिलाओं को उनके स्वास्थ्य से सम्बंधित जानकारियां दीं। कार्यक्रम का संचालन डा. वीनू सांगवान व डा. प्रोमिला ने किया।

इस मौके पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय सदस्य दलीप बैनीवाल, जंभशक्ति संगठन अध्यक्ष विकास गोदारा सहित अनेक छात्राएं मौजूद थीं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक जागरण....
दिनांक....25.1.2020.... पृष्ठ सं....17.... कॉलम....7....

## सीसवाल में मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस

जासं, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय की अंतिम वर्ष की छात्राओं के द्वारा ग्रामीण कृषक कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत गांव सीसवाल के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 200 महिलाओं व लड़कियों ने भाग लिया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....अमर उजाला....
दिनांक....25-1-2020.... पृष्ठ सं....5.... कॉलम....1-2....

## हकृवि के छात्रों ने दी हरियाणवी संस्कृति की प्रस्तुति



**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने फिट यूथ-फिट इंडिया थीम पर लखनऊ में आयोजित 23वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हरियाणवी संस्कृति की प्रस्तुति दी। इस युवा महोत्सव का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री किरण रिजिजू ने किया। हरियाणा की टीम में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक जिंकल, शरद, अक्षय और कनिका ने इस युवा महोत्सव में भाग लिया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक भास्कर
दिनांक: 25.1.2020 पृष्ठ सं. 5 कॉलम 6:7

# 23वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में एचएयू के छात्रों ने हरियाणवी संस्कृति प्रस्तुत की

**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने फिट यूथ - फिट इंडिया थीम पर लखनऊ में आयोजित 23वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हरियाणवी संस्कृति की प्रस्तुति दी। इस युवा महोत्सव का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री किरण रिजिजू ने किया। हरियाणा की टीम में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक जिंकल, शरद, अक्षय और कनिका ने इस युवा महोत्सव में भाग लिया। इन स्वय सेवकों ने राष्ट्रीय स्तर पर गीत, लघु नाटिका व हरियाणवी नृत्य के माध्यम से लोगों को अवगत कराया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक जागरण........
दिनांक 25.1.2020........ पृष्ठ सं....14........ कॉलम....1........

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव में छात्रों ने दिखाई हरियाणवी संस्कृति

**हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने फिट यूथ-फिट इंडिया थीम पर लखनऊ में आयोजित 23वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हरियाणवी संस्कृति की प्रस्तुति दी। इस युवा महोत्सव का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री किरण रिजिजू ने किया। हरियाणा की टीम में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक जिंकल, शरद, अक्षय और कनिका ने इस युवा महोत्सव में भाग लिया। (जासं)